Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

# विज्ञान समिति, उदयपुर

# मासिक रिपोर्ट

अंक :166
जनवरी 2016

नियमित प्रकाशन का चौहदवां वर्ष

**स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष**

- जनवरी 2016 में  कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति –10
- उदयपुर का तापमान जनवरी माह में : अधिकतम **30.0**° सेल्सियस, न्यूनतम **4.8.**° सेल्सियस रहा।
- दिसम्बर माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं विि ाष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग-

- **विशेष सहयोग - उत्थान चेरिटेबल ट्रस्ट-श्रीमान् के.एल. बापना - रु. 25,000/-; डॉ. आई.एल. जैन - रु. 5000/-**
- **छात्रवृत्ति कोष -हीतावाला कंसट्रक्शन प्रा. लि. रु.10,000/-; श्री विनोद कुमार सूद रु. 5000/-; होटल स्वरुप विलास रु. 5,000/-**

**सभी सहयोगियों का सादर आभार ।**

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

• **लोकविज्ञान :** इस अंक में **कैसे होता है प्रिन्टिंग द्वारा हमारे शरीर के अंगों का निर्माण ( 3डी जैव प्रिन्टिंग ), कैंसर : रोगोपचार के कुछ नए पहलू, ब्रेन स्ट्रोक -लकवा : पहचान व चिकित्सा, रक्त-परिसंचरण तंत्र की संरचना,** आदि का समावेश है।

## महिला सशक्तीकरण

• ***नवाचार महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 11 दिसम्बर को आयोजित हुई। बैठक में 60 सदस्याएं उपस्थित थी। **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने सबको नववर्ष की शुभकामनाएं दी। **श्रीमती कनकतारा पोरवाल, श्रीमती विजय लक्ष्मी पोरवाल एवं श्रीमती बेला जैन** ने मक्की की पापड़ी, छावड़ी आदि बनाना सिखाया तथा मनोरजंन कार्यक्रम भी हुए। एक बैंक कर्मचारी ने फिक्स डिपोजिट के बारे में जानकारी कराई।

• ***वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :*** यह बैठक दिनांक 20 जनवरी को आयोजित हुई। बैठक में 70 महिलाएं उपस्थित थी। सदस्यों को विभिन्न प्रकार के खेल खिलाए गए।

***ग्रामीण महिला चेतना शिविरः*** यह शिविर 30 जनवरी को आयोजित किया गया। जिसमें प्रार्थना एवं **डॉ. शैल गुप्ता** के द्वारा योग प्रशिक्षण के बाद प्रेरणात्मक जानकारी **प्रो. सुशीला अग्रवाल** ने दी। महिलाओं सें प्रशनोत्तर हुए जिसमें महिलाओं ने यह प्रकट किया कि यहां आकर उन्हें अच्छा लगता है और हमारी आर्थिक सहायता भी होती है। **श्रीमती शंकुतला धाकड़** ने गणतंत्र दिवस के बारे में तथा राष्ट्रीय झंडे के बारे में जानकारियां दी। गांधी जी की पुण्यतिथि होने से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महिलाओं को यह जानकारी दी गई कि उदयपुर स्मार्ट सिटी बनेगा जिसका गांवों की महिलाओं को क्या लाभ होगा।

**डॉ. के.एल. कोठारी** ने जीवन पच्चीसी के प्रमुख बिन्दुओं के बारे में चर्चा की तथा उपस्थित सदस्यों को सेवा भावना रखने की सलाह दी। **श्रीमती रेणु भंडारी** ने लहर पत्रिका के नए अंक की जानकारी दी और कुछ प्रश्न भी पूछे। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने लहर वितरित की।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत **श्रीमती विमला जी कोठारी** के 80 वर्ष की पूर्णता पर (24.1.2016) उन्हें बधाई दी गई एवं उनका सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने एक कविता सुनाई। चंदेसरा की **श्रीमती कमला जोशी** की मांग पर उसे 500 रु. का सहयोग दिया गया तथा **श्रीमती हेमा मेनारिया, चंदेसरा एवं श्रीमती देउ बाई खटीक, फतेहनगर** को महिला समृद्धि कोष के अंतर्गत पांच–पांच हजार रु. का ऋण दिया गया।

बैठक पश्चात महिलाओं के भोजन की व्यवस्था थी एवं यात्रा खर्चा दिया गया।

***सेवा प्रकोष्ठ :*** **श्रीमती तुलसी नागदा** को विज्ञान समिति के कोषाध्यक्ष **श्री एल.एल. चन्डाल्या** द्वारा एक सौलर कुकर सदस्यों की उपस्थिति में दिया गया।



## स्वास्थ्य सेवाएं

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :*** **विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। जनवरी माह में 9 शिविर हुए जिसमें 95 .**रोगियों** की चिकित्सा की गई।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :*** **विज्ञान समिति, अशोकनगर जैन सोसायटी, अणुव्रत समिति, महावीर इंटरनेशनल, एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद** के संयुक्त तत्वाधान में **इकतीसवां शिविर दिनांक 20 दिसम्बर 2015** तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.आई.एल. जैन, वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ, डॉ. एल. के. भटनागर वरिष्ठ फिजिशियन व दर्शन डेंटल कॉलेज की टीम, श्री सौरभ आमेटा नेचरोपेथी-जांच, ब्लड शुगर, श्री बी.एल.पोरवाल एवं एक्यूप्रेशर टीम** ने अपनी **मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 40 नागरिकों का (12 सामान्य, 19 हृदय, 29 मधुमेह, 5 दंत) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 8 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी से चिकित्सा पराम र्ा दिया गया। आगामी **बत्तीसवां शिविर 21 फरवरी 2016 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।**

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

विज्ञान समिति प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के अंतर्गत उदयपुर स्मार्ट सिटी विजन डाक्यूमेंट 2025 के लिए विभिन्न समूह संयोजक **डॉ. जे.के. दोषी-पर्यटन विकास, इंजी अनिल मेहता-झील संरक्षण, इंजी जी.पी. सोनी-सीवरेज एवं एस.टी.पी. स्थापना, श्री बी.आर. अरोड़ा-जल आपूर्ति, डॉ. पी.सी. जैन-जल संरक्षण ( रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग ), श्री एस.के. वर्मा-विरासत संरक्षण, श्री राजीव मेहता-सुरक्षा एवं सुरक्षा उपाय, श्री बी.एल. खमेसरा-निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं सौलर ऊर्जा का उपयोग, डॉ. अरूण चतुर्वेदी-नागरिकों की भूमिका, इंजी. रवीन्द्र भटनागर-आयड़ नदी एवं समुचित विकास, श्री आर.के. खोखावत-संचार सेवाएं, डॉ. एल.एल. धाकड़-प्रशासनिक कार्यालय समूहीकरण** द्वारा उनके समूह संबंधित अतिसंक्षिप्त प्रस्तुतियां दी। सभी समूह संयोजकों को निवेदन किया कि आप अपने समूह विषय से संबंधित प्रतिवेदन में शहर की वर्ततान स्थिति, समीक्षात्मक विश्लेषण के साथ शहर को स्मार्ट बनाने में तकनीकी पहलुओं एवं चिंतन बिंदुओं का समावेश करावें। इस संबंध में सभी समूह संयोजकों को भी स्मार्ट सिटी प्रस्ताव की प्रतिलिपि ईमेल से भेजने का प्रयास किया जाएगा एवं वे अपने प्रतिवेदन को अंतिम रूप देते समय इसका भी अध्ययन कराने का कष्ट करें, यह निवदेन किया गया। दो दिन की संगोष्ठी 12–13 मार्च को इन प्रस्तुतियों के लिए होगी।

## गणतंत्र दिवस समारोह

26 जनवरी 2016 को विज्ञान समिति परिसर में **67वां गणतंत्र दिवस** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनाया गया। हमारे सदस्य **डॉ. रणजीत चौधरी** ने पूर्व निर्धारित समय 11 बजे समिति भवन पर झंडारोहण किया। सभी उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों (कुल लगभग 80) ने विधिवत राष्ट्रगान गाया। तत्पश्चात् प्रशिक्षण सभागार में संक्षिप्त कार्यक्रम रखा जिसमें मुख्य अतिथि का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर अपना शुभ संदेश दिया एवं इच्छा व्यक्त की कि कुछ युवा सदस्य समिति में जोड़े जाने चाहिए। इस समारोह में **डॉ. कोठारी एवं श्रीमती कोठारी** हैदराबाद होने से उपस्थित नहीं थे।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

मुम्बई में **प्रो. मुनि महेन्द्र कुमार जी** के सान्निध्य में आयोजित **अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी विज्ञान एवं जैन दर्शन( 8 से 10 जनवरी 2016 )** में विज्ञान समिति के कई सदस्यों ने भाग लिया – **डॉ. एन.एल. कच्छारा** एक सेशन के चेयरमेन थे। उन्होंने तथा डॉ. **पी.एम. अग्रवाल** ने

पत्र–वाचन भी किया। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने संगोष्ठी के तीनों दिन भाग लिया तथा एब्सट्रेक्ट बुक में **डॉ. के.एल. कोठारी एवं डॉ. आर.एल. जैन** का एब्सट्रेक्ट भी छपा। **डॉ. सुरेन्द्र पोखरना** का भी पूरा लेख छपा। संगोष्ठी बहुत सफल, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरक रही। दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ के कुछ अन्य सदस्य – **प्रो. प्रेमसुमन जैन, प्रो. कंठालिया, श्री सुराणा** भी सम्मिलित हुए। इस माह द्वितीय शनिवार की बैठक स्थगित रखी गई।

## केलवा प्रोजेक्ट

● **श्रद्धा** का 27 वां अंक (जनवरी) प्रकाशित –वितरित हुआ।

● मुम्बई में भिक्षु आलोक संस्थान के उपाध्यक्ष **श्री सम्पत जी मादरेचा** एवं कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य **श्री रतनलाल जी हिरण, श्रीमती भगवती हिरण एवं श्री मुकेश हिरण** के साथ संस्था की गतिविधियों की चर्चा **डॉ. के.एल. कोठारी** ने की और उनको कुछ फोल्डर्स तथा अन्य सामग्री दी तथा निवेदन किया कि यह जानकारी उपयुक्त लोगों को करावें।

## अन्य बिन्दु

● **प्राकृत स्कोलर्स सोसायटी ऑफ इंडिया** की ओर से 8 जनवरी को **श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा एवं विज्ञान समिति** के संयुक्त तत्वावधान में **"Dialogue on the basic concept of Jainism"** का आयोजन समिति के सभागार में हुआ। इस चर्चा में **17 प्रतिनिधी फ्रान्स एवं स्वीट्जरलेंड** से उदयपुर आए। सभी प्रतिनिधियों का माला एवं उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्‌बोधन जैन श्वेताम्बर तेरापन्थी सभा के **श्री राजकुमार फत्तावत** ने दिया। सभी प्रतिनिधी आयुर्विज्ञान क्षेत्र से थे। विज्ञान समिति के महासचिव **डॉ. के.एल. तोतावत** ने आभार व्यक्त किया।

● **जैन सोश्यल ग्रुप मेवाड़** की प्रेरणा से चौधरी परिवार की ओर से विज्ञान समिति को "वोल्टास" का **वाटर कूलर** भेंट किया गया। हार्दिक आभार।

## सदस्यों संबंधी

●हमारे अध्यक्ष **डॉ. के.एल. कोठारी एवं श्रीमती विमला कोठारी** 1 जनवरी से 27 जनवरी तक के हैदराबाद प्रवास के बाद पुनः लौट आए।

● हमारी उपाध्यक्षा **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने राजस्थान महिला विद्यालय के शताब्दी समारोह के अंतर्गत ओपन महिला टेबल टेनिस 2016 का आयोजन 29 जनवरी 6 फरवरी तक कार्यकारी अध्यक्ष एवं संयोजिका के रूप में कराया जो बहुत सफल रहा। स्वयं पुष्पा जी रनर रही एवं उनकी बहिन कनाड़ा निवासी **श्रीमती कैलाश** विजेता रही। दोनों को बहुत बहुत बधाई। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने भी इसमें भाग लिया।

● हमारे मानद निदेशक एवं संरक्षक **प्रो. एन.एल. गुप्ता** अपने पुत्र के यहां नवम्बर सपत्नी पधारे थे। फरवरी के प्रथम सप्ताह में पुनः उदयपुर सकुशल पधार गए हैं।

● हमारे पूर्व अध्यक्ष **श्री एच.वी. पालीवाल** की पत्नी को कुछ विशेष रोग के कारण चिकित्सालय में भर्ती कराना पड़ा। अब वे घर पर ही स्वास्थ्य लाभ कर रही हैं। शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थता के लिए हमारी शुभकामना।

● हमारे वरिष्ठ सदस्य **के.एल. बापना सा.** अपने पुत्र के यहां जयपुर प्रवास पर हैं।

● हमारे पूर्व सचिव एवं मानद निदेशक **डॉ. एम.के. भटनागर** बीकानेर प्रवास पर हैं।

● हमारी सदस्या **डॉ. प्राची भटनागर** को पिछले माह स्कूटर दुर्घटना में चोट लग गई थी, उन्हें कई दिन तक बेड रेस्ट करना पड़ा था। अब उस समस्या से उभर गई हैं।

● हमारे जयपुर में सदस्य ख्यातिप्राप्त चिकित्सक **डॉ. डी.एस. पोखरना** के पौत्र का विवाह 29 जनवरी को आयोजित हुआ। हार्दिक बधाई।

● हमारे अहमदाबाद में सदस्य **डॉ. सुरेन्द्र पोखरना** पूरे जनवरी माह में अमेरिका प्रवास पर रहे।

● हमारे पूर्व उपाध्यक्ष **श्री एल.एन. शाह** पूर्व आई.ए. एस. ने 3 जनवरी को आठ दशक पूर्ण कर नवें में प्रवेश किया। हार्दिक बधाई। इस अवसर पर **डॉ. कोठारी** ने उनके लिए कविता बनाकर भेजी, जो उन्हें बहुत पसन्द आयी।

● हमारे पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष **श्री आर.के.चतुर** ने कुछ दिनों पूर्व अमेरिका में अपने पुत्र के पास सेन फ्रांसिस्को में एक स्कूल में बच्चों से एक प्रश्न पूछा – 2, 2, 2 = 6 फिर 3, 3, 3 = 6; 4, 4, 4 = 6; 5,5,5= 6; 6,6,6 = 6; 7,7,7 = 6; 8, 8, 8 = 6; 9, 9, 9 = 6; । इन सभी प्रश्नों में गणित के

चिन्ह जैसे **प्लस, माइनस, अंडर रूट** आदि का प्रयोग कर उत्तर दें। पांच मिनट का समय दिया गया । दो बच्चों ने तीन मिनट में ही इसका उत्तर दे दिया जबकि दोनों बच्चे 11 वर्ष की आयु के थे।

**नवाचार महिला प्रकोष्ठ, वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ, ग्रामीण महिला चेतना शिविर एवं मिसाल सेवा संस्थान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 10 मार्च 2016 को एक दिवसीय संगोष्ठी विज्ञान समिति सभागार में होगी।**

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ



02 जनवरी डॉ. आई.एल. जैन



श्री बी.एल. कूकड़ा 9 जनवरी

| | |
|---|---|
| Smt. Anila Doshi | 05/02 |
| Dr. Kamala Kawarani | 08/02 |
| Mrs. Vibha Bhatnagar | 11/02 |
| Dr. Mahip Bhatnagar | 11/02 |
| Sh. S.K. Verma | 17/02 |
| Smt. Pushpa Kothari | 19/02 |
| Sh. Y.K. Gupta | 22/02 |
| Smt. Prachi Bhatnagar | 04/03 |
| Shri Arun Kothari | 09/03 |
| Dr. N.K. Purohit | 10/03 |
| Dr. R.L. Jain | 10/03 |
| Mrs. Manjula Bordia | 13/03 |
| Sh. V.B. Singh | 21/03 |
| Sh. Babulal Kothari | 25/03 |
| Mrs. Mamta Kothari | 27/03 |

**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## विज्ञान समिति के फरवरी माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 21 फरवरी 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ | 10 फरवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * दर्शन विज्ञान संगोष्ठी | 13 फरवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ | 20 फरवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 27 फरवरी 2016 | सायं 05.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 29 फरवरी 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |

### विशेष कार्यक्रम

**गाईड स्टार इंडिया : एन.जी.ओ. प्रशिक्षण**
**विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वावधान में**
23 फरवरी 2016
प्रातः 9 बजे से सांय 5 बजे तक

**प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ द्वारा संगोष्ठी**
**उदयपुर स्मार्ट सिटी विजन डाक्यूमेंट-2025**
दिनांक 12–13 मार्च 2016

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**

Quick Print Service # 94147 36608